मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में मिसेज का होगा प्रीमियर

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'मिसेज' का प्रीमियर मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में होगा। सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। फिल्म' मिसेज का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में प्रीमियर होगा। फिल्म 'मिसेज' मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचेन' का हिंदी रूपांतरण है। इस फिल्म में सान्या के अलावा कंवलजीत सिंह और निशांत दहिया भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा ने किया है।

सान्या मल्होत्रा ने कहा,मैं रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रही हूं कि 'मिसेज' का ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में होगा।यह फिल्म मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से खास है क्योंकि यह कहानी समाज की अपेक्षाओं के बीच अपनी आवाज़ खोजने की कोशिश कर रही एक महिला की यात्रा है। आरती कदव और पूरी टीम के साथ काम करना एक गहरा अनुभव रहा है, मेरा मानना है कि कहानी हर जगह के दर्शकों को पसंद आएगी और मैं इसे साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।

निर्माता, हरमन बावेजा ने कहा, हम यह सुनकर रोमांचित हैं कि ₹मिसेज₹ प्रतिष्ठित इंडियन फिल्म ऑफ मेलबर्न में इसका ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर होगा। यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है और इसे महोत्सव के केंद्रबिंदुओं में से एक के रूप में प्रदर्शित करना वास्तव में बहुत संतुष्टिदायक है।

निर्देशक आरती कदव ने कहा, आईएफएफएम एक लोकप्रिय मंच है। हम यहां 'मिसेज' का प्रीमियर करने के लिए काफी एक्साइटेड। यह फिल्म एक महिला के जीवन की सामाजिक परेशानियों को पर्दे पर जीवंत तरीके से दिखाती है। आईएफएफएम फिल्म के लिए एक ऐसा मंच साबित होगा, जिससे इस फिल्म का संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा। फिल्म में सान्या के अभिनय ने भूमिका को और जीवंत बना दिया है।

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024, 15 अगस्त से 25 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।